# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 3 (2019-20)

# हिन्दी - ब (कोड-85)

# कक्षा- 10

**निर्धारित समय- 3 घंटे** **अधिकतम अंक - 80**

**सामान्य निर्देशः-**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

---

## खण्ड-क (अपठित अंश) 10

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 10

यह घटना उस समय की है जब गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में थे। वहाँ उन्होंने हुकूमत की ज्यादती के खिलाफ आन्दोलन छेड़ रखा था। उनके आन्दोलन में अनेक भारतीय तन-मन-धन से शामिल थे। उन्हें लगातार प्रशासन के दमन का शिकार होना पड़ रहा था। पर वे डटे हुए थे। गांधी जी ने उसी समय सत्याग्रह और अहिंसा को अपना हथियार बना लिया था। दक्षिण अफ्रीका का तानाशाह जनरल स्मट्स उन्हें बार-बार जेल भेजकर लगातार उनका मनोबल तोड़ने की कोशिश में लगा हुआ था। ऐसा करके वह उनकी अहिंसावादी प्रवृत्ति को परखना भी चाहता था पर गांधी जी अनेक अत्याचार सहकर भी अहिंसा के मार्ग पर पूरी ताकत के साथ चल रहे थे। जेल में वह अपने साथ रह रहे कैदियों के साथ अत्यंत स्नेहपूर्ण व्यवहार करते थे। एक कैदी बहुत अच्छे जूते बनाना जानता था। गांधी जी ने जब उसकी इस कला को देखा तो उन्होंने उसका उत्साह बढ़ाया और उसकी कला की प्रशंसा की। कैदी अपनी प्रशंसा सुनकर बेहद खुश हो गया। इसके बाद गांधी जी ने स्वयं भी उससे जूते गाँठने की कला सीखने की इच्छा जाहिर की। कैदी खुशी-खुशी गांधी जी को जूते गाँठने की कला सिखाने लगा। जब गांधी जेल से रिहा होने लगे तो उन्होंने जनरल स्मट्स को एक पैकेट भेंट किया। पैकेट देखकर जनरल ने पूछा, गांधी जी क्या इसमें कोई बम है? जनरल की बात सुनकर गांधी जी विनम्रता से बोले- महोदय, यह मेरी तरफ से आपको मेरी विदाई का उपहार है। जनरल ने पैकेट खोलकर देखा तो वह हैरान रह गया। पैकेट के अंदर बहुत-ही खूबसूरत, हाथ से बने हुए सैंडल का एक जोड़ा था। इस अनोखे उपहार को देखकर एक पल के लिए जनरल द्रवित हो गया। वर्षों बाद गांधी जी के जन्मदिन पर जनरल ने उन्हें एक पत्र लिखा, आपके द्वारा बनाए हुए उन सैंडलों को मैंने गर्मियों में पहना हालाँकि अब मैं महसूस करता हूँ कि मैं उन्हें पहनने का सही हकदार नहीं हूँ। मैं आपकी विनम्रता और अहिंसा की प्रवृत्ति को नमन करता हूँ।

1. गांधी जी ने कहाँ के शासकों की क्रूरता के विरूद्ध आन्दोलन छेड़ा और क्यों? 2
2. दक्षिण अफ्रीका का तानाशाह जनरल स्मट्स उन्हें बार-बार कहाँ और क्यों भेजना चाहता था? 2
3. जैल में कैदियों के साथ गांधीजी का व्यवहार कैसा था और एक कैदी के साथ उन्होंने क्या किया? 2
4. गांधी जी के उपहार को देखकर कौन द्रवित हो गया और उसने गांधी जी को क्या लिखा? 2
5. गाँधीजी ने कैदी से कौनसी कला सीखने की इच्छा जाहिर की? 1
6. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) 16

2. **शब्द किसे कहते हैं?** 1

3. **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।** $1 \times 3 = 3$

1. गौरव ने अक्षय से नेपाल चलने के लिए कहा। (मिश्र वाक्य में)

2. अध्यापक ने समझाया और सब बच्चे तैयार हो गये। (सरल वाक्य में)
3. घंटी बजने पर सभी छात्र कक्षा में आए। (संयुक्त वाक्य में)

4. **1. निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए–** $1 \times 2 = 2$
   चंद्रशेखर, भाई–बहन
   2. निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। $1 \times 2 = 2$
   लम्बा है उदर जिसका (गणेश जी), कमल के समान नयन

5. **निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।** $1 \times 4 = 4$
   1. मेरे को आज यहीं रहना है।
   2. मैं मेरे घर जात है।
   3. एक सुरीले गीतों की पुस्तक चाहिए।
   4. गुरू जी से हिंदी पढ़ाई है।

6. **उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थान को पूरा कीजिए।** $1 \times 4 = 4$
   1. प्रधानाचार्य को देखकर बच्चे चंपत ..........।
   2. महेश की शैतानी देखकर उसके पिता का खून ..........।
   3. पुत्री के विदेश से लौटने की खबर सुनकर माँ का चेहरा खिल ..........।
   4. राकेश अपने माँ–बाप के लिए अंधे की .......... समान है।

## खण्ड–ग (पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) 28

7. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** $2 \times 3 = 6$
   1. तताँरा को क्रोध क्यों आया और उसने क्रोध में क्या किया?
   2. लेखक ने झेन परम्परा के अनुसार चाय पीने के बाद स्वयं में क्या परिवर्तन महसूस किया?
   3. पुलिस ने सभा होने के स्थान पर सर्वप्रथम क्या कार्य किया था?
   4. **तीसरी कसम** फिल्म को **सैल्यूलाइड पर लिखी कविता** क्यों कहा गया है?

8. **समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी? उसने अपना गुस्सा कैसे निकाला? 80–100 शब्दों में बताइये।** 5

   **अथवा**

   **प्रायश्चित करने के लिए लेखक की माँ ने क्या और क्यों किया? 80–100 शब्दों में बताइये।**

9. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 30–40 शब्दों में लिखिए।** $2 \times 3 = 6$
   1. बिहारी ने किन बाहरी आडम्बरों का खण्डन किया है और क्यों? दोहों के आधार पर लिखिए।
   2. मीरा ने अपने पदों में प्रभु के प्रति अपनी भावनाएँ कैसे व्यक्त की हैं?
   3. (पोथी पढ़ि–पढ़ि जग मुआ,) इस पंक्ति में कवि ने किस पर व्यंग्य किया है?
   4. कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है?

10. **जीवन में विजय पाने का कवि ने कौन–सा मार्ग सुझाया है? आत्मत्राण कविता के आधार पर 80–100 शब्दों में बताइए।** 5

    **अथवा**

    **तोप कविता का मूलभाव अपने शब्दों (80–100) में लिखिए।**

11.
    1. **हरिहर काका** कहानी के आधार पर 60–70 शब्दों में स्पष्ट कीजिए कि लेखक ने यह क्यों कहा, अज्ञान की स्थिति में ही मनुष्य मृत्यु से डरते हैं। ज्ञान होने के बाद तो आदमी आवश्यकता पड़ने पर मृत्यु को वरण करने के लिए तैयार हो जाता है। 3
    2. इफ्फन को टोपी ने सदा इफ्फन कहा, उसने बुरा नहीं माना? क्या नामों का अंतःकरण से कोई संबंध है? 60–70 शब्दों में अपने विचार लिखिए। 3

## खण्ड–घ (लेखन) 26

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80–100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 6

(1) देश प्रेम।

✻ देश के प्रति प्रेमभाव ✻ बलिदान की भावना ✻ भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए संघर्ष करना ✻ देश की छवि उज्जवल करने का प्रयास

(2) भाग्य और कर्म।

✻ आलस्य और भाग्यविधाता ✻ कर्मठता एवं स्वावलम्बन ✻ मनुष्य की पहचान कर्म से ✻ उपसंहार।

(3) आज की बचत, कल का सुख।

✻ बचत का अर्थ ✻ कारण ✻ महत्त्व व सुख ✻ भविष्य सुरक्षित

13. आपके इलाके का डाकिया समय पर डाक नहीं बाँटता, उसकी शिकायत करते हुए पोस्टमास्टर को एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखिए। 5

अथवा

आपने समाचार पत्र में समाचारवाचन के कोर्स के बारे में पढ़ा। आप उस संस्थान के पते पर एक पत्र 80–100 शब्दों में लिखकर कोर्स की अवधि, फीस, समय आदि की जानकारी प्राप्त कीजिए।

14. आप एस.एस.एम. पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य हैं। कक्षाओं में कुछ बच्चे सेलफोन लाते हैं। इस पर प्रतिबंध लगाने हेतु सूचना 40–50 शब्दों में जारी कीजिए। 5

अथवा

विद्यालय द्वारा चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संगठन के सचिव होने के नाते कक्षा छठी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को इसकी सूचना 40–50 शब्दों में प्रदान कीजिए।

15. फास्ट फूड खाने के बारे में अनुज और मम्मी के बीच होने वाली बातचीत को लगभग 50–60 शब्दों में संवाद शैली में प्रस्तुत कीजिए। 5

अथवा

दो मित्र घनश्याम दास और राजकुमार बातचीत कर रहे हैं। उनकी बातचीत मादक द्रव्य और युवा पीढ़ी पर आधारित है। लगभग 50–60 शब्दों में उनके बीच संवाद लिखिए।

16. नीचे दिये गये स्थान में से किसी विद्यालय की उपलब्धियों संबंधी का एक आकर्षक विज्ञापन 25–50 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 5

अथवा

गर्मियों की छुट्टियों में आपने नृत्य संस्थान खोला है। उससे संबंधित लगभग 25–50 शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए।

Download Solved Version of this unsolved paper from www.cbse.online

This sample paper has been released by website www.cbse.online for the benefits of the students. This paper has been prepared by subject expert with the consultation of many other expert and p aper is fully based on the exam pattern for 2019-2020. Please note that website www.cbse.online is not affiliated to Central board of Secondary Education, Delhi in any manner. The aim of website is to provide free study material to the students.